विद्यालय विवरणिका



BPS Mahila Vishwavidyalaya, Sonepat
Empowering Women with Education

# कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय

*विद्यालय शिक्षा निदेशालय हरियाणा से स्थायी मान्यता प्राप्त*
*एवं हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध*


**वैदिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा के द्वारा**

## 'महिला सशक्तिकरण'

**कक्षा 1 से 12** (कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय)
**कक्षा 6ठी से 12वीं तक छात्रावास की सुविधा**

**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय**
खानपुर कलां, सोनीपत, हरियाणा-131305

# विद्यालय परिचय



**भगत फूल सिंह जी**
**(24-02-1885 से 14-08-1942)**



**सुभाषिणी देवी जी**
**(14-08-1914 से 10-03-2003)**

गाँव खानपुर कलां में कन्या गुरुकुल की स्थापना महान दूरदर्शी और सर्वोत्कृष्ट समाज सुधारक शहीद भगत फूल सिंह जी द्वारा वर्ष 1936 में ग्रामीण लड़कियों को वैदिक परंपराओं के अनुसार शिक्षा प्रदान करने के लिए की गई थी। अपने इस अथक प्रयास को फलता-फूलता देखने के लिए वे अधिक समय तक जीवित नहीं रह सके। भगत जी की शहादत के बाद उनकी सुपुत्री पद्मश्री बहन सुभाषिनी जी ने गुरुकुल का उत्तरदायित्व संभाला और भगत जी के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए उनकी विरासत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया । यह इन दो दूरदर्शी महान् आत्माओं की निस्वार्थ भाव से किये गये संयुक्त प्रयासों का ही परिणाम है कि कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खानपुर कलां, जिसकी शुरुआत एक छोटी सी ईमारत में तीन कन्याओं से हुई थी; आज इस क्षेत्र का एक प्रतिष्ठित विद्यालय है।

विद्यालय का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के शैक्षणिक विकास एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने के साथ-साथ परिवार, समाज, देश व पर्यावरण के प्रति क्रियाशीलता का विकास करना है। इसके साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए हरियाणा शिक्षा विभाग व हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के मानकों का दृढ़ता से पालन किया जाता है।

वैदिक सिद्धान्तों एवं कन्या शिक्षा हेतु समर्पित कन्या गुरुकुल खानपुर कलां जिसे हरियाणा सरकार द्वारा 18.08.2006 को विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित किया; आज उत्तर भारत के प्रथम महिला विश्वविद्यालय का गौरव प्राप्त है। महिला सशक्तिकरण के अपने उद्देश्य को साकार करते हुए विश्वविद्यालय ग्रामीण आँचल की कन्याओं को शिक्षित और सशक्त बना रहा है। कन्या गुरुकुल के संचालन की बागडोर विश्वविद्यालय के कुशल प्रशासन के हाथों में है। वर्तमान में माननीया प्रो. सुदेश विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर सुशोभित हैं। डॉ. नीलम मलिक विश्वविद्यालय की कुलसचिव हैं। जनवरी 2010 से श्रीमती सुमिता कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्या पद पर कार्यरत हैं।

विद्यालय में नई शिक्षा नीति के अनुसार भारत की परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजते हुए छात्राओं में रचनात्मक क्षमताओं को विकसित किया जाता है एवं तकनीकी शिक्षा, भाषाई बाध्यताओं को दूर कर तार्किक निर्णय एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने पर बल दिया जाता है।

# विद्यालय की विशेषताएँ

1. भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विद्यालय।
2. छठी कक्षा से अंग्रेजी व हिंदी दोनों माध्यम में शिक्षा।
3. न्यूनतम विद्यालय शुल्क (फीस)।
4. छात्राओं के लिए न्यूनतम शुल्क पर परिवहन सुविधा।
5. कक्षा छठी से छात्रावास की सुविधा।
6. सभी कक्षा-कक्ष एवं विद्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी।
7. हरा-भरा एवं स्वच्छ परिसर।
8. नैतिक एवं मूल्य आधारित शिक्षा पर बल।
9. खेल और सह पाठ्यचर्या गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं का समग्र विकास।
10. सभी विषयों की प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय एवं कंप्यूटर लैब की सुविधा।
11. विश्वविद्यालय के सहयोग से विदेशी भाषाएँ और कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर।
12. प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा।
13. अनुभवी एवं प्रशिक्षित अध्यापक-वर्ग।
14. विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न खेलों की सुविधा।











## विद्यालय शुल्क

| कक्षा | वार्षिक शुल्क | मासिक शुल्क | प्रवेश शुल्क (केवल नए विद्यार्थियों के लिए) |
|---|---|---|---|
| कक्षा 1 से 5 | 60/- | 10/- | -- |
| कक्षा 6 से 8 | 300/- | 50/- | -- |
| कक्षा 9 व 10 | 474/- | 78/- | 5/- |
| कक्षा 11 व 12 कला संकाय | 919/- | 150/- | 20/- |
| कक्षा 11 व 12 वाणिज्य संकाय | 919/- | 150/- | 20/- |
| कक्षा 11 व 12 विज्ञान संकाय (गैर-चिकित्सा) | 1119/- | 248/- | 20/- |
| कक्षा 11 व 12 विज्ञान संकाय (चिकित्सा) | 1119/- | 303/- | 20/- |

## छात्रावास शुल्क

| वार्षिक शुल्क | 6500 |
|---|---|
| सिक्योरिटी | 500 (रिफंडेबल) |
| मैस सिक्योरिटी | 2500 (रिफंडेबल) |
| *प्रेस शुल्क | 100/- प्रति मास |
| *मैस मासिक शुल्क | 2700/- प्रति मास |

***विश्वविद्यालय के नियमानुसार समय-समय पर वृद्धि हो सकती है।**

### प्रवेश तिथि

छात्रावास में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा प्रतिवर्ष 10 मार्च से प्रारम्भ। विद्यालय में प्रवेश 1 अप्रैल से अथवा विद्यालय शिक्षा निदेशालय हरियाणा के निर्देशानुसार।

**नोटः-** अनाथ/ बी. पी. एल./ पिता विहीन/ अकेली लड़की संतान/ दिव्यांग (40% या अधिक) श्रेणी से संबंधित छात्राओं को विद्यालय शुल्क में पूर्ण तथा छात्रावास आवासीय शुल्क में 50% छूट। दो या दो से अधिक सहोदरी (सगी) बहनों के विद्यालय में प्रवेश पर छोटी बहन को विद्यालय शुल्क में 50% छूट।

### विद्यालय समय सारणी तथा अवकाश

विश्वविद्यालय एवं विद्यालय शिक्षा निदेशालय हरियाणा के निर्देशों के अनुसार।

### छात्रावास

विद्यालय छात्रावास में वातानुकूलित कमरे, मनोरंजन कक्ष, अध्ययन कक्ष, टी.वी. कक्ष, रोगी कक्ष, भोजनालय, आर. ओ. वाटर कूलर, सी.सी.टी.वी. कैमरे तथा बीमार छात्राओं के लिए 24 घंटे चिकित्सा की सुविधाएं उपलब्ध हैं। छात्राओं के चारित्रिक व आध्यात्मिक विकास के लिए यज्ञशाला में प्रातःकाल एवं सायंकाल हवन व संध्या पाठ किया जाता है तथा समय-समय पर सुयोग्य एवं अनुभवी वक्ताओं के व्याख्यान का आयोजन किया जाता है। छात्रावास में दाखिला प्रवेश परीक्षा में मैरिट के आधार पर दिया जाता है।

***नोटः-*** *छात्रावासी छात्राओं की भोजन व छात्रावास फीस चीफ-वार्डन कार्यालय के द्वारा ली जायेगी।*



### माननीया कुलपति का संदेश

भारत वर्ष में एक समृद्ध शिक्षा प्रणाली का विकास वैदिक काल से प्रारम्भ हुआ था। इसे ही हम वर्तमान समय में प्राचीन शिक्षा पद्धति अथवा 'गुरुकुल-परंपरा के रूप में जानते हैं। छात्राओं के शारीरिक, मानसिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक विकास में गुरुकुल शिक्षा पद्धति की अहम भूमिका रही है। आर्य समाज से प्रभावित होकर भगत फूलसिंह जी द्वारा ग्रामीण अंचल में कन्या गुरुकुल की स्थापना करना एक ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी कदम था जिसने महिला शिक्षा की ऐसी लौ जलाई जो आज भगत फूलसिंह महिला विश्वविद्यालय' के रूप में स्त्री शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचरण कर रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षानीति-2020 का उद्देश्य भारत वर्ष में एक ऐसी शिक्षा प्रणाली को विकसित करना है जो सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करते हुए इस देश को वैश्विक पटल पर एक महाशक्ति के रूप में स्थापित कर सके।

गुरुकुल शिक्षा के माध्यम से छात्राओं का समग्र विकास करना, उन्हें गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के साथ वर्तमान समय में नवाचार के माध्यम से छात्राओं को शिक्षित करने में कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निरंतर अग्रसर है। छात्राओं को शिक्षित करने के साथ-साथ सुयोग्य नागरिक बनाना ही हमारी इस शिक्षण संस्था का मूल उद्देश्य है। हम सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

**प्रोफेसर सुदेश, कुलपति**
भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय



## यज्ञशाला







"हम कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में पहली से बारहवीं कक्षा तक की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा उद्देश्य मूल्य आधारित शिक्षा के माध्यम से ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण करना है जो नए भारत के निर्माण में आधार-भूत भूमिका का निर्वहन कर सकें। विश्वविद्यालय का आदर्श वाक्य **'शिक्षा के साथ महिलाओं को सशक्त बनाना'** है जिसकी प्राप्ति के लिए हम छात्राओं में ज्ञान, कौशल, दृष्टिकोण और मूल्यों को विकसित करके उनके समग्र विकास के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने का प्रयास करते हैं।"

**श्रीमती सुमिता सिंह**

प्राचार्या, कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय

## संपर्क सूत्र

**दूरभाष न. : 01263-283305, 01263-283625**

**ईमेल : kgsss@bpswomenuniversity.ac.in**

**वेबसाइट : www.bpsmv.ac.in**